तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप में 200 किसानों का... 11



अजय के रहते कुरूद का विकास रूक नहीं सकता... 14





## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक चिकित्सा दिवस आज

**धमतरी।** आज मंगलवार को श्री गायत्री आरोग्यम (आयुष) पॉली क्लिनिक हटकेशर में 8वां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का थीम नेचर क्योर टू क्योर नेचर रखा गया है। प्रातः 8 से 9 बजे तक स्वल्पाहार, अंकुरित अनाज व काढ़ा का वितरण होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, डॉ. दिलीप राठौर व दिलीप नाग करेंगे। प्राकृतिक चिकित्सा व स्वास्थ्य विषय पर डॉ. खोमेश साहू, डॉ. दिनेश कुमार नाग और योग प्रशिक्षक मीनाक्षी यादव मार्गदर्शन देंगे। 12 से 2 बजे तक निःशुल्क योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में जल नेति, सूत्र नेति, कुंजल, त्राटक, मड थेरेपी, स्टीम बाथ आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 2 से 3 बजे तक प्राकृतिक आहार दिया जाएगा।

### महिला खेलकूद का आयोजन कल

**कुरूद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा महिला, बालिका खेल को बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने के लिए विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन 19 नवंबर को अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम कुरूद में रखा गया है। एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी का आयोजन किया जायेगा। इसमें 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष के आयु भाग ले सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक प्रपत्र आधार कार्ड एवं एक फोटो आवश्यक है। पंजीयन के लिए विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुरूद, शाउमावि कातलबोड़, शाउमावि सिर्री, शाउमावि पचपेड़ी में सम्पर्क किया जा सकता है।

### भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 20 को

**कुरूद।** शासकीय महाविद्यालय के भौतिकशास्त्र विभाग ने बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित, अनियमित, डीएससी, जीई) तथा एमएससी प्रथम सेमेस्टर (भौतिकशास्त्र) के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 20 जनवरी को 10 बजे से आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय से 1 घंटे पूर्व प्रयोगशाला में उपस्थित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज, प्रायोगिक रिकॉर्ड, ड्रॉइंग सामग्री आदि के साथ परीक्षा स्थल पर पहुंचना होगा।

### बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रायोगिक परीक्षा 22 से

**कुरूद।** विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित, पूर्व एवं एटीकेटी) के छात्रों के लिए प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 22 और 24 नवंबर को होगी। 22 नवंबर को एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर की लैब कोर्स टू और लैब कोर्स फोर की परीक्षा और 24 नवंबर को एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर की लैब कोर्स फाइव तथा एमएससी थर्ड सेमेस्टर की लैब कोर्स फर्स्ट की परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### धमतरी ग्रामीण कांग्रेस की बैठक आज

**धमतरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहण पुनरीक्षण की प्रभावी निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यकारिणी एवं बूथ लेवल एजेंट की बैठक 18 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे राजीव भवन में रखी गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, एसआईआर लोकसभा प्रभारी तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी लेखराम साहू सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

टूटने लगा कर्मचारियों का आंदोलन, कई लौटे काम पर

# समस्याओं के बीच शुरू हुई धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन धीरे-धीरे टूटता जा रहा है। धान खरीदी शुरू होते ही कई सहकारी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं, जबकि बड़ी संख्या में कर्मचारी अभी भी आंदोलन पर डटे हुए हैं। उधर प्रभारियों के भरोसे केंद्रों में धान खरीदी शुरू कर दी गई है। सोमवार को अधिकांश खरीदी केंद्रों में दोपहर तक शुभारंभ का कार्यक्रम चलता रहा।

समस्याओं के बीच सोमवार को खरीदी केंद्रों में धान खरीदी शुरू कर दी गई है। किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन तो लिया था, लेकिन खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति के चलते कई किसान धान बेचने नहीं पहुंचे। वहीं शनिवार को जिन किसानों का टोकन था, वे भी धान लेकर पहुंच गए थे। अब खरीदी धीरे- धीरे रफ्तार पकड़ रही है। इसके



साथ धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। प्रभारी अधिकारियों के पास आईडी पासवर्ड नहीं होने के कारण वे व्यवस्थित ढंग से खरीदी नहीं कर पाए। टोकन लेने के बाद धान लेकर जो किसान आए थे, उनका धान खरीद लिया गया, लेकिन आईडी पासवर्ड नहीं होने के कारण अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में इसे ऑनलाइन नहीं चढ़ाया जा सका है।

### प्रभारियों ने मोर्चा संभाला

जिले में 100 धान खरीदी केंद्र हैं, जहां के सभी कर्मचारी आंदोलन पर हैं। धान खरीदी शुरू होते ही कई कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। जानकारी के अनुसार 43 खरीदी केंद्रों में प्रबंधक लौट आए हैं। वहीं 57 जगहों पर प्रभारियों ने मोर्चा संभाला हुआ है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को 37 केंद्रों में धान की आवक हुई। इन केंद्रों में 439 किसानों से 18960 क्विंटल धान खरीदा गया है, जिसकी कीमत 4 करोड़ 50 लाख 22 हजार रुपए है।

### खिले किसानों के चेहरे



सोमवार को तरसींवा, कुरमातराई, देमार सहित कई केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित कर खरीदी शुरू की गई। तरसींवा और कुरमातराई में भाजपा नेता डीपेंद्र साहू मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की महत्वपूर्ण योजना को सरकार किसी हाल में प्रभावित नहीं होने देगी। हड़ताल के चलते कुछ समस्याएं जरूर हैं, लेकिन किसानों के सहयोग से सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा। तरसींवा के प्रभारी प्रबंधक आरईओ श्रीमती भाग्यश्री गुप्ता ने कहा कि धान खरीदी में जिन प्रभारियों की ड्यूटी लगी है, वे पहली बार धान खरीदी कर रहे हैं। वे कोशिश करेंगे किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी किसानों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान प्राधिकृत अधिकारी केशवराम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कुरमातराई में प्राधिकृत अधिकारी दूजराम साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दमयंतीन साहू सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में खरीदी का शुभारंभ किया गया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल धमतरी आएंगे

## कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिवराज सिंह चौहान



विष्णुदेव साय

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 19 नवम्बर को धमतरी आयेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। कार्यक्रम के लिए स्थानीय इंडोर स्टेडियम आमातालाब परिसर में हेलीपेड निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। वहीं डॉ. शोभाराम देवांगन हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए विशाल मंच निर्माण, स्टॉलों की सुव्यवस्थित स्थापना, पार्किंग स्थल चिन्हांकन, आगमन एवं निर्गमन मार्ग तथा विशिष्ट अतिथियों और आमजनों के बैठने की व्यवस्था तेजी से अंतिम रूप ले रही है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि मंच निर्माण मजबूत एवं मानक अनुसार हो। प्रवेश मार्ग सुगम और सुरक्षित रखा जाए। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। पार्किंग संचालन व्यवस्थित और संकेतकों के साथ संचालित हो। स्टॉलों के लिए स्वच्छ, सुव्यवस्थित लेआउट सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्था में समयबद्धता, स्वच्छता, शुचिता तथा आगंतुकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह कार्यक्रम जिले के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए तैयारियों में समन्वय, गुणवत्ता और सतर्कता पर विशेष जोर दिया जाए।

## बाइक सवार पर पाइप से हमला, घायल

**धमतरी।** सब्जी छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहे बाइक सवार युवक पर रंजिशवश आरोपियों ने मारपीट कर पाइप से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र ग्राम देमार निवासी समीरपुरी गोस्वामी पिता गोपालपुरी उम्र 24 वर्ष कृषि कार्य करता है। शुक्रवार की सुबह वह गांव के कोमल पटेल के साथ अपनी मोटरसाइकिल क्र. सीजी 05 एएल 5820 व महेश सिन्हा अपनी बाइक में सब्जी छोड़ने ग्राम अर्जुनी गए थे। सब्जी छोड़ने के बाद युवक वापस अपने घर देमार जा रहा था। इसी दौरान खपरी मोड़ के पास ग्राम अर्जुनी का केदार सिन्हा अपने साथियों के साथ लाठी व लोहे का पाइप लेकर खड़ा था। वह 6 माह पहले की पुरानी रंजिश को लेकर समीर को रोककर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। केदार ने लोहे के पाइप से हमला कर समीर से मारपीट की। उसके साथियों ने लाठी से मारपीट की। इस घटना में युवक के सिर के पीछे, कंधा, बायां हाथ व पैरों में चोट लगी है। शिकायत पर पुलिस थाना में आरोपी केदार सिन्हा एवं उसके साथियों के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## विद्युत पोल से टकराई बाइक, चालक की मौत

**धमतरी।** नेशनल हाईवे से होते हुए घर लौट रहे मजदूर युवक की बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। इस घटना में युवक की मौत हो गई।



■ ग्राम सेहराडबरी के पास हुआ हादसा

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी देवेंद्र सोनवानी पिता राजाराम उम्र 21 वर्ष धमतरी में अवैश कादरी की फर्नीचर दुकान में काम करता था। रविवार को युवक ग्राम सेहराडबरी में स्थित गोदाम में सामान खाली कराने गया था। शाम को सामान खाली होने के बाद साथी मजदूरों की छुट्टी कर दी। वहीं देवेंद्र अपना ईयरफोन गोदाम में ही भूलकर घर चला गया। घर पहुंचने के बाद युवक को ईयरफोन को गोदाम में छोड़े जाने की याद आई। रात्रि में ही युवक अपने ईयरफोन लेने के लिए गोदाम आ गया। जहां से ईयरफोन को निकाल अपनी मोटर साइकिल से अपने घर अर्जुनी जा रहा था। इसी दौरान सेहराडबरी के पास उसकी मोटर साइकिल सड़क किनारे स्थित विद्युतपोल से टकरा गई। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए रात्रि में ही मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## कथित आईटी टीम ने पैथालॉजिस्ट के घर पर दी दबिश

■ छानबीन के बाद बिना कार्रवाई किए लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बालीवुड मूवीज स्पेशल 26 की तर्ज पर सात लोगों की कथित आईटी टीम ने एक पैथालॉजिस्ट डाक्टर के घर पर दबिश दी। छानबीन के बाद कथित टीम द्वारा बिना कोई कार्रवाई किए लौट जाना अनेक संदेह को उत्पन्न कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार सोमवार को शहर के रत्नाबांधा रोड पर स्थित एक पैथालॉजिस्ट डॉक्टर के घर के सामने दो कार आकर रूकी जिसमें से सात लोग नीचे उतर अपने आपको आयकर विभाग आईटी की टीम बताते हुए आधिकारिक अंदाज में भीतर प्रवेश किया। परिवार के सदस्यों को अपना परिचय आईटी टीम के रूप में बताया। जांच के सिलसिले में आना बताते हुए किसी से फोन पर बात नहीं करने की हिदायत दी। उसके बाद कथित टीम ने सभी का मोबाइल स्वीच ऑफ करा घर में रखे वाहनों, जमीन के कागजात व नकदी को देखने की बात कही। डॉक्टर परिवार ने भी आईटी की कार्रवाई समझकर सामान दिखाते हुए पूरा सहयोग किया। लगभग घंटे भर जांच कर कथित टीम बगैर कुछ जप्त किये व



बिना किसी कानूनी कार्रवाई चुपचाप घर से बाहर निकल अपनी गाड़ियों में सवार होकर वहां से रवाना हो गई।

रेड की खबर फैलते ही आसपास हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और डॉक्टर व परिवार से पूछताछ कर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज लेकर जांच शुरू कर दी है। जिस तरह फिल्मी स्टाइल में कथित टीम कार्रवाई करने पहुंची थी, यह किसी साजिश की ओर इशारा कर रही है। फिलहाल इस संबंध में कोई कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# अंवरी में आदिवासी नगारची समाज ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





ग्राम अंवरी में आदिवासी नगारची समाज ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अतिथियों ने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू गांव में हुआ था। वे महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्हें धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह उलगुलान का नेतृत्व किया और आदिवासी भूमि, अधिकारों व सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। 9 जून 1900 को जेल में उनका निधन हो गया। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन लाल मराई, कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश रावते, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक कुलजन सिंह ठाकुर, आदिवासी नगारची समाज प्रदेशाध्यक्ष देवनाथ नेताम, संरक्षक बसंत नगारची, चिंताराम मरकाम, बालाराम ध्रुव, सरपंच हितेंद्रनाथ मण्डल, महासचिव ललित नगारची, छन्नूलाल, मनोजकुमार, शिव नगारची, केंवराबाई नगारची, कुंतीबाई, रानीबाई समेत बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बाल मेला में छात्रों ने लगाए स्टॉल

**नगरी।** बाल दिवस पर शाउमावि सिहावा में बाल मेला का आयोजन किया गया। रंगोली, चित्रकारी, निबंध प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने अनेक स्टॉल लगाए। स्टालों में अच्छी बिक्री की। यह मेला करीब 4 घंटे तक चला। प्राचार्य एसआर साहू ने बताया कि मेला का आयोजन करने से छात्र छात्राओं को व्यावसायिक लाभ - हानि की जानकारी मिलती है। शिक्षिका नीलकमल ठाकुर ने बताया कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त होती है। मौके पर शिक्षक वेदराम सेन, दुष्यंत पुजारी, संजय शांडिल्य, हरिश साहू, हीरा मरकाम, पूर्णचंद यादव, हेमंत साहू, पितेश साहू, गोविंद नारायण साहू, पूर्णेश्वर देव, योगमाया, तारिणी, अटल, योगिता देवांगन, पीलेश्वरी साहू, रश्मि यदु, नीतू जैन, दीपा अग्रवाणी, सेज यादव, अंजनि ध्रुव, अखिलेश ठाकुर मौजूद थे।

# सांकरा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इसमें चारों उपार्जन केंद्र आते हैं।

मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, वन सभापति जपं नगरी राजेश नाथ गोसाई, नवागांव सरपंच नगीना सोम, रवि दुबे, नगरी मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, हाईस्कूल समिति अध्यक्ष जन्मेजय साहू, ग्राम व्यवस्था समिति उपाध्यक्ष पवन साहू, सुगनचंद साहू, नींबूचंद साहू, भीखम साहू, सहानूराम साहू, रमेश साहू, साधुराम साहू, जनक साहू, भूषण साहू, अजबसिंह साहू, डिगेश्वर सिंह थे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया और सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने का आह्वान किया।

# चिंवरी सोसाइटी में पहले दिन नहीं हुई धान की बोहनी

- सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल का दिखा प्रतिकूल प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी में 15 नवंबर को धान खरीदी का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ। सोसाइटी में सहकारी समिति की कर्मचारियों की हड़ताल का प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिला। धान खरीदी के नाम पर सन्नाटा फैला रहा। शुभारंभ दिवस पर ही सोसाइटी में बोहनी तक नहीं हो पाई। सिर्री, संकरी, चिंवरी में से किसी भी किसान का धान नहीं खरीदा गया। सोसायटी अध्यक्ष रामखिलावन साहू, सहकारी विपणन संघ के युवराज साहू और किसानों ने भारत माता के छायाचित्र और तराजू बांट की पूजा-अर्चना की। मौके पर सोसायटी अध्यक्ष रामखिलावन साहू, लेखराम सिन्हा, शोभाराम पटेल, जितेंद्र कुमार सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## भोथीडीह में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भोथीडीह में धान खरीदी का शुभारंभ पूजा-अर्चना से किया गया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर सभापति कृषि स्थाई समिति जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता मोहनलाल ध्रुव पूर्व अध्यक्ष मेघा समिति ने की। विशिष्ट अतिथि डुगेश्वरी साहू, केवल कंवर, हिरंजय साहू, अगरराम देवांगन थे। कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न साहू प्राधिकृत भोथीडीह ने किया।

# बच्चे दुकानदार और ग्राहक बनकर खुश नजर आए

- मगरलोड में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को प्रतिवर्ष देश भर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 14 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस मनाया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

आनन्द मेला में बच्चों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। भेल, गुपचुप, चाट, चाइनीज पकौड़े, सेहतमंद अमरूद, मुंगौरी, मूंग बड़ा इत्यादि स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चे स्वयं दुकानदार और ग्राहक बनकर काफी खुश नजर आए। सबके चेहरे खिले नजर आए। बच्चों ने मनोरंजन खेल का आयोजन किया। आंख में पट्टी बांधकर तस्वीर के माथे पर बिंदी लगाना, नारियल के ऊपर रखे सिक्के को डंडे से मारकर घेरे से बाहर निकालना शामिल था। बच्चों को शिक्षकों की ओर से न्योता भोजन के रूप खीर-पूड़ी एवं पकौड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य आत्माराम साहू, सियाराम कुर्रे, हेमंत रजक, विकास कंवर, रामेश्वर साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, भोजपाल साहू, मनीषा नवरंग, लवेश गुप्ता व्याख्याता, विद्या निषाद, प्रपा बीरेन्द्र साहू, प्रवेशसिंह ठाकुर, मेषराम सेन, गीतांजलि साहू, अर्चना सोनवर्षा, चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू, मुकेश पटेल, नोहर साहू मौजूद थे।

# जिला मिशन समन्वयक ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

- शिक्षकों को बेहतर परिणाम लाने अतिरिक्त कक्षा लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी ने विकासखण्ड नगरी के पीएम श्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय निर्राबेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीएमश्री विद्यालय में उन्होंने कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से विषय-आधारित प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान का मूल्यांकन किया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों को सुलेख सुधारने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर परिणाम लाने विशेष प्रयास करने, अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीपीएमयू से श्रीमती कुन्ती पाण्डेय, एपीसी लता साहू, प्राचार्य एसके प्रजापति, संकुल समन्वयक लोचन साहू, व्याख्याता आरएल सोनी सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय निर्राबेड़ा में जिला मिशन समन्वयक ने बच्चियों से संवाद किया। इस दौरान छात्राओं ने भिलाई शैक्षणिक भ्रमण की मांग रखी, जिस पर श्री त्रिवेदी सने सहमति प्रदान की। निरीक्षण में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सामान्य पाई गई, जिसे सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधीक्षिका को पूर्णकालिक रूप से विद्यालय में उपस्थित रहने तथा सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के लिए कहा गया। निरीक्षण के समय अधीक्षिका एवं स्टाफ मौजूद थे।

# मड़ेली में ग्राम विकास समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में ग्राम विकास समिति का गठन सरपंच श्रीमती वीणा लक्ष्मी नारायण साहू एवं उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन कर मौजूदगी में किया गया। सभी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने गांव के विकास करने की बात दोहराई। इस ग्राम में लगभग 21 से 22 जाति के लोग निवास करते हैं। बड़ा गांव होने की वजह से गांव में अनुशासनहीनता था। इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण विकास समिति तैयार की गई। संरक्षक नारायणगिरी गोस्वामी एवं शारदा लोकनाथ साहू, अध्यक्ष संतराम साहू, सचिन चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लालचंद चंदेल, उपाध्यक्ष महेंद्र निर्मलकर एवं ताराचंद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू निर्वाचित हुए हैं। सदस्यों में भागवत यादव, तुलस निषाद, नारद ढीमर, महेंद्र निर्मलकर, नारायण शर्मा, गणेश बैस, ठाकुरराम विश्वकर्मा, संतोष चंद्राकर, घनाराम ध्रुव, चैतराम देवांगन, राकेश कौशिक, चोमन मालेकर, नेपाल धिवरिया, हरीश गांधी, तुगन चौहान, टेमन साहू, गिरीश साहू, घनश्याम साहू, यशवंत साहू, खोरबाहरा साहू, हिरेंद्र साहू, मकसूदन साहू, बालाराम साहू, हुम्मन सोन, विजयसाहू, शेरसिंह साहू, भागवत शामिल हैं।

## भेंडरा में सिलौटी कालेज के एनएसएस शिविर का शुभारंभ

# एनएसएस से आती है टीमवर्क की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत भेण्डरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। यह सात दिवसीय विशेष शिविर सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरुद तथा विशिष्ट अतिथि ज्योति मंडावी सरपंच भेण्डरा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भावना कमाने प्राचार्य बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी ने की।

इस अवसर पर श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सभी स्वयंसेवकों में लीडरशिप स्किल, टीमवर्क और संगठनात्मक क्षमता को विकसित करने के अवसर प्रदान करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का थीम नशा मुक्ति है जो आज समाज को दूषित कर रहा है। इस समस्या का निदान युवाओं द्वारा ही किया जा सकता है। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरपंच श्रीमती मंडावी ने कहा कि इससे समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को अधिक बल मिलेगा। प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने स्वयंसेवकों को मानवता की सेवा करने और निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के रासेयो अधिकारी हितेश नेताम ने शिविर के सात दिवसों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि गणेशराम साहू, नंदकुमार साहू, पीतांबर निषाद, स्वयंसेवक दुलारसिंह सिन्हा, सुनीता निषाद, शकुन साहू, टीआर साहू, प्रीति सेन, लोकेश सेन, देवश्री मरकाम, यूके बनपेला, छगनलाल साहू, छिन्दाराम साहू, देवेन्द्र साहू, द्वारिकाराम साहू, अगनुराम साहू एवं दोसान साहू थे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. शिवेन्द्र बहादुर ने किया। मौके पर प्राध्यापक डॉ. भारती मंडावी, त्रिभुवन साहू, डॉ. दानेश्वर वर्मा, पवन साकेत, बी. पद्मराज क्यूट, डॉ. गायत्री साहू समेत समस्त स्वयंसेवक थे।

## स्कूली बच्चों ने स्वादिष्ट पकवान बनाकर बेचा



- पीएमश्री सेजेस में बाल दिवस पर हुआ न्योता भोज व बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

बाल दिवस पर पीएमश्री सेजेस कुरुद में शिक्षकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। स्वादिष्ट पकवान का आनंद बच्चों ने लिया। बाल मेला का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने व्यापार का महत्व जाना। बाल मेला में स्कूली बच्चों ने गुपचुप, फ्रूट सलाद, मोमोस, चार्ट, चाय, भेल, पकौड़ा , काजू शेक इत्यादि तैयार कर सामान की खरीदा बिक्री के नियम को समझा। प्राचार्य मनेश सिंह ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। संगीत शिक्षक चमन दास ने अपने गीत गायन से बाल मेला के माहौल को संगीतमय बनाया।

इस अवसर पर एलिस इक्का, मेनका साहू, शिव निषाद, रामप्रकाश यादव, नम्रता देशमुख, पिंकी रानी, कौशल गोस्वामी, तोमेश साहू, कंचन डोड़वानी, हितेश कंवर, वी पद्मावती, आकांक्षा सिंग, जयंत वर्मा, रजनीकांत, निधि वर्मा, देविका साहू, सत्यप्रकाश, तुलसी साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### जितेंद्र को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



**मगरलोड।** रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में युवा समाजसेवी जितेन्द्र कुमार साहू को बस्तर के राजा प्रवीणचन्द्र भंजदेव ने छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान प्रदान किया। खिसोरा निवासी जितेंद्र कुमार साहू पेशे से शिक्षक हैं। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी हैं। कार्यक्रम में नवीन अग्रवाल जिपं अध्यक्ष रायपुर पद्मश्री अनूप रंजन पांडे, पद्मश्री कुमार सिंह कंवर एवं शिखर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ मन्नू चेलक उपस्थित थे। छग गौरव सम्मान मिलने पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### गुदगुदा में हुआ नशामुक्ति पर कार्यक्रम



**सिर्री।** शाउमावि गुदगुदा में नशामुक्ति एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कुरूद थाना से पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने नशामुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कुरूद पुलिस, प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित थे।

### किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने किया प्रेरित



**मगरलोड।** प्राथमिक सहकारी कृषि साख समिति कुण्डेल में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड द्वारा परंपरागत विधि विधान पूजा-अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। उन्होंने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने प्रोत्साहित किया और पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध खरीदी प्रक्रिया का संदेश दिया। अध्यक्षता मीना डेमू साहू सहकारिता एवं उद्योग सभापति जिपं धमतरी ने की। मौके पर प्राधिकृत अधिकारी रामआसरू साहू सहित समिति के पदाधिकारी डेमूराम साहू, हेमलाल साहू, नूतन धृतलहरे, महेश साहू, शत्रुघ्न साहू, कौषल साहू, मोहन साहू, जागेश साहू ने धान खरीदी की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सुचारु संचालन का आश्वासन दिया।

### बाल दिवस पर चटौद में हुआ न्योता भोज





**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौल में बाल दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिक्षकों द्वारा न्योता भोज दिया गया। प्राचार्य एचआर मरकाम ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल जरूरी है। इससे छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में व्याख्याता एसके कंवर, पी. साहू, प्रियंका शर्मा, शिक्षक आभा खरे, बसंती देवांगन, व्यास मैडम, भानुराम साहू, समन्वयक रमेश चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, सुकृति चंद्राकर का सहयोग रहा।

### अंवरी स्कूल में हुआ बाल मेला का आयोजन





**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय अंवरी में बच्चों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा मिठाइयों एवं व्यंजन का स्टाल लगाया गया था। बच्चों के लिए खेलकूद का आयोजन हुआ। मौके पर सरपंच हितेन्द्रनाथ मण्डल, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव, प्राचार्य पीएन साहू, बालाराम ध्रुव, चिंताराम मरकाम, परस निर्मलकर, कुलजंनसिंह ठाकुर, पवन यादव, मस्तराम साहू, आईआर साहू, भुनेश्वर साहू मौजूद थे।

### बच्चों ने स्टाल लगाकर विभिन्न व्यंजन बेचे



**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थुहा में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्टाल लगाकर विभिन्न व्यंजन बेचे। अतिथियों ने पकौड़ा, गुपचुप, पूड़ी, भेल, मिर्ची भजिया का लुत्फ लिया। बच्चों के लिए जम्पिंग झूले की व्यवस्था की गई।

## अंचल की खबरें

### बच्चों ने विविध व्यंजनों के लगाए स्टॉल



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उमावि मगरलोड में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर 14 नवंबर को बाल मेला का आयोजन किया गया। उनके जन्मदिवस पर बर्थडे केक काटा गया। साथ ही वंदेमातरम गीत की 150 वीं वर्षगांठ पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, भाषण, कविता का आयोजन किया गया। कक्षा नवमी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध व्यंजनों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया। छोले भटुरे, आलूपराठा, मूंगबड़ा, आलू पकोड़ा, मोमोज, मिर्ची भजिया, आलू भजिया एवं अन्य प्रकार के व्यंजन बनाए गए थे। प्राचार्य पनेश सेन ने पं. नेहरू के जन्म दिवस पर अपने विचार रखे।

### बाल दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य रवींद्र कोसरे, गणेशराम गजपाल अध्यक्ष शाला विकास समिति एवं सदस्यों द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू के पूजन के साथ बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं छात्रों द्वारा विज्ञान विषय पर बनाए मॉडल एवं हिंदी विषय के प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया। बाल मेला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षावार स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पकवान बनाकर स्टॉल के माध्यम से विक्रय किया गया। छात्रों एवं पालकों ने बाल मेला का खूब आनंद उठाया।

### बाल मेला में उमरगांव स्कूल के बच्चों ने लगाए स्टॉल



**नगरी।** ग्राम उमरगांव के विद्यालय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए जिसमें चाइनीज पकोड़ा, समोसा भजिया, गुपचुप, भेल, चना, नड्डा, गुलाब जामुन, चाकुली और अइरसा रोटी सहित लालभाजी, कोचई, बरबटी, चाय बिस्किट और स्पंज झूला भी लगा हुआ था। बाल मेला में ग्रामीणों ने भी उत्साह से लिया। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे आयोजन बच्चों को सीखने का वास्तविक आनंदमय वातावरण प्रदान करते हैं। इस आयोजन में प्राचार्य अनीता सोम, वीएस कोर्राम, मनोज साहू, सचिन सोम, केके मल्होत्रा, पीआर साहू, सरोज प्रधान, डोमन साहू सहित प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के कर्मचारियों का योगदान रहा।

### केंद्रीय कृषि मंत्री के आगमन पूर्व भाजपा की तैयारी बैठक



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय गोविंद सारंग भवन में बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से 19 नवंबर को दोपहर 2 बजे केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान के धमतरी आने को लेकर चर्चा की गई। वे इस दौरान किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त जारी करने के साथ किसानों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम एकलव्य खेल परिसर में होगा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मंच पर रहेंगे। इसी विषय पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर महापौर जगदीश रामू रोहरा, महामंत्रीद्वय महेंद्र पंडित, राकेश साहू, मंत्री हेमंत चंद्राकर, मीडिया प्रभारी उमेश साहू, मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, पवन गजपाल, विनय जैन, अमन राव, महामंत्री हेमंत साहू, राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, दमयंती साहू उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि भेंड्रा में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष आयोजन हुआ। राष्ट्रभावना से जुड़े इस महत्वपूर्ण आयोजन का नेतृत्व प्राचार्य मोतीलाल साहू ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, स्वाभिमान और संघर्ष का प्रतीक है। इसकी 150वीं वर्षगांठ हमें देश की स्वतंत्रता और समर्पण की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर देती है। इसी कड़ी में विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता, रंगोली, वाद-विवाद तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तामेश्वर निषाद, कुंती महोबिया, ज्योति साहू, दसोदा साहू, पारसमणि साहू, गोपेश्वर देवांगन, पुखराज साहू, साधुशरण, हेमेंद्र साहू, सोहन साहू सहित विद्यालय के सभी सदस्यों ने भूमिका निभाई।

### इर्रा में आज कबड्डी प्रतियोगिता

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा कोर्रा के केंवटपारा में 18 नवम्बर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश शुल्क 251 रुपये है। उद्घाटन मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू जपं अध्यक्ष कुरूद करेंगी। अध्यक्षता पूजा सिन्हा सभापति जिपं धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि सूर्यकांत साहू सरपंच, यामिनी साहू उपसरपंच, डॉ. अश्वनी ठाकुर, डॉ. घनश्याम, वेदप्रकाश साहू रोजगार सहायक, डेमन साहू नेवी, चिम्मन ठाकुर, सेनि शिक्षक डॉ. धनंजय साहू, वेदप्रकाश साहू, समीर कोरी, योगेश साहू, मोहित ध्रुव होंगे। समापन समारोह 19 नवम्बर को होगा। मुख्य अतिथि सुनील साहू होंगे। अध्यक्षता सूर्यकांत साहू सरपंच इर्रा करेंगे। विशिष्ट अतिथि शांतनु साहू, डॉ. घनश्याम, पोखन गंगेले, चुड़ामणि वर्मा, रेवाराम साहू, खोरबाहरा साहू, कमलेश ठाकुर, छबिलाल साहू, लेखराम कामड़े पंच, नंदकुमार पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, वेदप्रकाश साहू, समीर, योगेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष और मोहित ध्रुव होंगे।

### पटवारी पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

# किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप में 200 किसानों का रकबा घटा

- शीघ्र सुधार नहीं होने पर किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



झुरानवागांव के बाद नवागांव कंडेल के किसानों का रकबा धान खरीदी पंजीयन में घट गया है। 200 किसानों का रकबा कम प्रदर्शित होने से किसानों में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने सोमवार को किसानों के साथ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर रकबा घटाकर धान खरीदी में कोताही बरतने का आरोप लगाया है। यूनियन ने पटवारी पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक लीलाराम साहू ने बताया कि किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के धान खरीदी पंजीयन में किसानों का रकबा कम दिखना बड़ी लापरवाही है। इसमें तत्काल सुधार जरूरी है। यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू ने कहा कि नवागांव, कंडेल, परेवाडीह, गागरा, तेलीनसत्ती सहित अनेक किसानों की कृषि भूमि का रकबा घटाकर धान खरीदी में कोताही बरती जा रही है। इस तरह की लापरवाही यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगी। किसान किसन लाल ने बताया कि उनका 35 एकड़ खेत है, जिसमें 8 एकड़ खेत पोर्टल में नहीं दर्शा रहा है। नवागांव के किसान अशोक कुमार ने कहा कि उनकी 10 एकड़ पुश्तैनी कृषि जमीन है। भोथली धान उपार्जन केन्द्र में बिक्री करते हैं। दो दिन पहले तुंहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन काटने की जानकारी मिलने पर जब पोर्टल खोला गया तो उसकी जमीन 10 एकड़ के बदले 6.50 एकड़ बता रही है। इसी तरह तिलकराम साहू, टिकेश्वर साहू, विनोद कुमार साहू ने भी पोर्टल में कम कृषि जमीन दर्शाने की शिकायत की है। किसानों ने बताया कि नवागांव कंडेल में 200 खातों का रकबा कम हो गया है। एग्रीस्टेक पंजीयन में सब सही दिखा रहा है। जब तक तुंहर टोकन ऐप में सुधार नहीं किया जाएगा तब तक धान बेचने के लिए टोकन नहीं कराएंगे। उन्होंने पटवारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि पोर्टल में शीघ्र सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में सभी पीड़ित किसान अपने परिवार के साथ कलेक्टोरेट में धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे किसानों में ईश्वर राम, देवेन्द्र कुमार, रेखराम, सेउक राम, जयंत साहू, खूबलाल, रोहित कुमार, गैंदराम, आशाराम, कलीराम, पूनम, केशव, अंकालु, जगदीश, रोशन, माखन, रतनू, धीरज, जीवन, तेजपाल शामिल हैं।

#### टोकन जारी करने का नियम

किसानों को धान बेचने के लिए आवेदन टोकन तुंहर मोबाइल ऐप के माध्यम से या धान खरीदी केन्द्र में जाकर किया जा सकता है। टोकन रविवार से शुक्रवार तक सुबह 9:30 बजे से 5 बजे के बीच जारी किए जाते हैं। यह आगामी 7 दिनों के लिए मान्य होते हैं। 2 एकड़ से कम भूमि वाले सीमांत किसान को 1 टोकन, लघु कृषक 2 एकड़ से 10 एकड़ तक 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक 10 से अधिक वालों को अधिकतम 3 टोकन जारी होगा। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में कुल खरीदी क्षमता का 70 प्रतिशत ऑनलाइन ऐप के माध्यम से और 30 प्रतिशत आफलाइन (समिति में जाकर) टोकन कराया जा सकता है। ऐप में रकबा कम दर्शाने से पीड़ित किसान टोकन कटाने से इसलिए कतरा रहे हैं कि कहीं कम रकबा दर्शाने के कारण वे समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित न हो जाएं।

## साइन लैंग्वेज में दी कानूनी अधिकार सुरक्षा कानून की जानकारी



- बाल दिवस पर श्रवण बाधितार्थ बालिका स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल दिवस पर शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सरल, सुलभ और सांकेतिक भाषा के माध्यम से कानूनी अधिकार, सुरक्षा कानून और सहायता सेवाओं की जानकारी देनी थी। श्रवण बाधित बच्चों को उनके मूल अधिकारों एजुकेशन, एक्यालिटी, प्रोटेक्शन की जानकारी दी गई। सुरक्षा कानून, विशेषकर यौन अपराधों की रोकथाम से जुड़ी धाराओं को सुरक्षित और संवेदनशील रूप से समझाया गया। उन्हें यह बताया कि किसी भी कठिन परिस्थिति में वे कानूनी सहायता कैसे और कहां प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और यह संदेश देना कि कानून सभी के लिए बराबर है, चाहे वे किसी भी क्षमता के हों।

श्रीमती नेहा उसेंडी ने कानूनी बिंदुओं को सांकेतिक भाषा साइन लैंग्वेज के माध्यम से विशेष शिक्षकों और दुभाषियों की मदद से बच्चों तक उनकी भाषा में पहुंचाया गया। गुडटच और बैडटच पर लघु फिल्म के मध्यम से दिखाया गया। सरल भाषा में बताया कि शरीर के कौन-कौन से हिस्से संवेदनशील होते हैं और कोई भी व्यक्ति बिना उनकी अनुमति के इन्हें नहीं छू सकता। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

## काशीपुरी- शकरवारा में कोसरिया यादव समाज भवन का भूमिपूजन



**धमतरी।** ग्राम काशीपुरी एवं शकरवारा में कोसरिया यादव समाज भवन का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू ने किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि समाज भवन की नींव केवल निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह समाज की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता और सामूहिक विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। समाज भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायी केंद्र बनेगा, जहां शिक्षा, संस्कृति, कौशल विकास और सामाजिक गतिविधियां संचालित होंगी। उन्होंने इसे समाज की मजबूती, संगठन और सहयोग की भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वयं संगठित होकर आगे बढ़ता है, तब विकास के नए अवसर अपने आप जन्म लेते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष जोहन यादव, बलराम यादव, सरिता यादव पूर्व जनपद सदस्य, मुकेश यादव, माखन यादव, शुकदेव नेताम, तेजबती, प्रेमन साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई

**अंवरी।** सेजेस आत्मानंद स्कूल भखारा में बालमेला कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न आकर्षक स्टाल लगाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खाने-पीने के व्यंजन, खेलकूद, कला एवं हस्तनिर्मित सामग्री के स्टालों ने मेले को खास रंग प्रदान किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

## मितानिनों ने महापौर से कार्यक्रम के लिए मांगा भवन



**धमतरी।** शहर की मितानिन दीदियों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी स्वास्थ्य एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों के संचालन के लिए उपयुक्त भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी। मितानिनों ने बताया कि वे विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य सेवा, पोषण, मातृ-शिशु देखभाल सहित कई जनहित कार्यक्रमों का संचालन करती हैं। कार्यक्रमों में बढ़ती जिम्मेदारियों एवं गतिविधियों को देखते हुए एक स्थायी भवन की आवश्यकता है, ताकि प्रशिक्षण, बैठकें और जन-जागरूकता गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से की जा सकें। महापौर रामू रोहरा ने उनकी मांग को गंभीरता से सुनते हुए भवन उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया।

## छात्र किसान बैंक की कार्यप्रणाली से हुए अवगत



- जिला सहकारी बैंक का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

समाधान एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल करेली बड़ी में कक्षा 5वीं के छात्रों ने बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक करेली बड़ी का भ्रमण किया। छात्रों ने किसान बैंक की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। बैंक के अधिकारी लेखापाल एनपी साहू ने बच्चों को खाता के प्रकार को बताया। बैंक से हमें क्या-क्या लाभ होता हैं। पर्यवेक्षक परमेश्वर निर्मलकर और कोषपाल संजय ध्रुव ने एटीएम की सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के पासबैंक खाता के साथ एटीएम की सुविधा दी जाती हैं ताकि बैंकों की भीड़ से बचने एटीएम के माध्यम से 20 हजार रुपये का लेन-देन हर रोज आसानी से कर सकता हैं।

अधिकारी ने छात्रों के प्रश्नों पर उनकी जिज्ञासा शांत करते हुए बैंक से लोन क्यों लिए जाते है, विड्रॉल कैसे भरे जाते है, चेक से रुपए कैसे निकाले जाते हैं, पैसा निकलना, जमा करना, केवाईसी और इसके अलावा फसल सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। समाधान एकेडमी की शिक्षिका गीतेश्वरी साहू और भाग्यश्री साहू ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में नए-नए विचार, प्रश्न और जानकारी आती है। उन्हें इस भ्रमण से जिज्ञासा शांत हो जाती है।

## भोथीपार में एफएलएन सह बाल मेला का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार के संयुक्त तत्वावधान में एफएलएन सह बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों को प्राथमिक स्तर की कक्षा एक और दो के लिए गतिविधि आधारित खेल-खेल में शिक्षा एवं उनके आकलन हेतु गणित, हिंदी एवं अंग्रेजी के स्टाल के माध्यम से उनकी अवधारणामक समझ को पुख्ता करने एफएलएन सह बाल मेला आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में एक बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के कौशल उन्नयन, जीवन कौशल को उत्कृष्ट बनाने एवं व्यहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए।

कार्यक्रम में कुर्रा सरपंच प्रीतेश टंडन, संकुल प्राचार्य बीआर साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मौके पर भूषण पटेल, अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, एकनाथ साहू शिक्षाविद, नरोत्तम पटेल, दीनबंधु साहू, दीपा पटेल, डाकेश्वरी पटेल, भारती पटेल, लोकेश्वरी पटेल, पुणाबाई पटेल, विद्या पटेल, विद्या साहू, लोकेश्वरी पटेल, नर्मदा साहू, प्रमिला साहू, हीराबाई पटेल, हिरेन्द्र साहू, शिवप्रसाद साहू, चंदनलाल सिन्हा, पार्वती साहू, गीता साहू, सरिता साहू, अनुसुइया पटेल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## भजिया-बड़ा, चाय-समोसे से सजाया गया स्टाल



- भुसरेंगा स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

बाल दिवस पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुसरेंगा में आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा स्टाल के माध्यम से भजिया, बड़ा, गुपचुप, जलेबी, पोहा, चाउमीन, पिज्जा, मोमोस, चाय, समोसे, आलू गुंडा बेचा। आरटीई 2020 व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत बुनियादी शिक्षा एवं सीखने के कौशल आधारित विभिन्न विषयों संबंधित स्टाल लगाया गया था। थीम करके देखबो, सिख के रहीबो पर आधारित था। कक्षा पहली से तीसरी तक के छात्र -छात्राओं को विषय आधारित आधारभूत भाषा में जादुई पोटली, अक्षर का खेल, ध्वनि पहचान, गणित में जोड़ना, घटाना, जोड़ मशीन, जोड़ की अवधारणा, अंक पहचान, अंग्रेजी में अक्षर मिलाव, चित्र देखकर पहचान करना, शब्द पढ़कर एक्टिविटी कराई गई।

प्रपा कुलेश्वर साहू ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज के रुप में अंकुरित अनाज एवं फलाहार दिया। मौके पर प्रपा यूके कोसरिया, प्राथमिक शाला प्रपा कुलेश्वर साहू, शिक्षक लोमस साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव, ठाकुरराम, प्रेमकुमार पटेल, शैलेन्द्र, शंभुप्रसाद निर्मलकार, लीला ध्रुव, ज्योति ध्रुव, भारती पटेल, शारदा ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

### बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं : नीरज सोन

# बाल दिवस पर फरसियां स्कूल में हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शाउमावि फरसियां में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा बाल दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र का वास्तविक भविष्य होते हैं। देश का आने वाला कल आज के बच्चों पर निर्भर करता है। यदि हमें भारत को स्वर्णिम विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, तो बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 14 नवंबर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति समाज को जागरूक करने का अवसर है। सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल साहू ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह को याद करते हुए कहा कि उनके इसी प्रेम के कारण उन्हें चाचा नेहरू कहा जाता है। व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को देश का भविष्य मानते थे और उनके अनुसार बच्चों को पढ़ाई के साथ स्वतंत्र सोचने और सपने देखने की आजादी मिलनी चाहिए। व्याख्याता किरण श्रीमाली ने नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाने की परंपरा पर विचार रखे। व्याख्याता रेणु सोम ने बाल अधिकारों की सुरक्षा, बाल श्रम उन्मूलन तथा बच्चों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। गीतिका निषाद ने कहा कि बच्चे देश की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी हैं और उन्हीं से भविष्य का सशक्त भारत निर्मित होगा।

कार्यक्रम में गगन साहू, चित्ररेखा कश्यप, खेमन साहू, ओजस्विनी निषाद, पायल बनपेला, भूपेश निर्मलकर, चेष्टा दीवान, संकर्षण साहू, कुसुमलता, अर्चना भारद्वाज, चंचल नाग, आराधना विश्वकर्मा और खुशबू बिसेन ने गीत, कविता, नारा एवं भाषण प्रस्तुत किया। मौके पर लोमश पटेल, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, अंजना लाउत्रे, , शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, गीतिका निषाद, आरती निषाद, नीलम साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप उपस्थित थे।

### कार्यपालन अभियंता के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोक निर्माण विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता संतोष नेताम के निधन पर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने दुख जताया है। फेडरेशन ने कहा कि संतोष नेताम संगठन के सक्रिय सदस्य थे और उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। कमल वर्मा, मुकेश पाण्डेय, चन्दूलाल चन्द्राकर, अमित महोबे, दयालुराम साहू, खुमान सिंह ठाकर, राजकुमार सिन्हा, महेन्द्र कुमार साहू, एपी साहू, डीएन साहू, गिरीश कुमार सोनी, दीपक ठाकर, अजय पाण्डेय, रमशीला साहू, जितेन्द्र नेताम, वासुदेव भोई, डॉ. अमित नागेश, येवा राम मरकाम समेत संघ से जुड़े लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अंचल की खबरें

### झिरिया में मनाया गया एफएलएन बाल मेला



**धमतरी।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नयापारा झिरिया में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक का उत्सव करके देखबो, सीख के रहिबो एफएलएन स्टाल प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें कक्षा बालवाड़ी से पांचवीं तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। एफएलएन बाल मेला का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान के कौशल विकसित करना है। मौके पर प्रधानपाठक श्रीमती पेमेश्वरी साहू, सहायक शिक्षक श्रीमती किरण निर्मलकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, संकुल समन्वयक बीबी जोशी समेत अन्य उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में मलघाटी परिवार संगीतमय श्रीमद्



भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 नवंबर तक किया गया है। कथावाचक पं. संतोष मिश्रा तर्री नवापारा राजिम ने शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसमें न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा। दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। कथा सुनने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

### अरौद बालक छात्रावास में मना बाल दिवस



**धमतरी।** ग्राम अरौद (ली) स्थित बालक छात्रावास में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस हमें बच्चों के अधिकार, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। छात्रावास के बच्चों को कापी, पेन अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, दीपक साहू सरपंच प्रतिनिधि, मनोज ध्रुव, अरुण ध्रुव, सैय्यद आवेश अली अधीक्षक थे।

### एमआरडी स्कूल में बाल दिवस पर हुई विविध स्पर्धा



**धमतरी।** श्री एमआरडी शासकीय विद्यालय में बाल दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा उत्साह भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतिस्पर्धाओं से हुई। बच्चों ने दौड़ और अन्य मनोरंजक खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष मित्तल तथा सभी रोटेरियन ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें खेलों में रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को प्यार भरे छोटे गिफ्ट हैम्पर्स भी वितरित किए गए। रोटरी क्लब ने बताया कि बच्चों की मुस्कान और उत्साह ही समाज को आगे बढ़ाने की ताकत है। ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

### राष्ट्रीय वन औषधि संगोष्ठी में वैद्यराज प्रेमचंद का हुआ सम्मान



**धमतरी।** अरपा सन पर्यावरण सुरक्षा एवं मानव विकास समिति के तत्वाधान में 8वीं राष्ट्रीय वनौषधि ज्ञान संगोष्ठी-2025 का आयोजन पेंड्रा में हुआ। इसमें पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रशिक्षित वैद्यराज प्रेमचंद देवदास को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में देशभर से करीब 800 वैद्यराज आए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परंपरागत एवं औषधि पादक बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम थे। अध्यक्षता अभा पारंपरिक वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पटेल ने की। वैद्यराज प्रेमचंद देवदास ने कहा कि भारतीय वनौषधि परंपरागत न केवल उपचार का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, पर्यावरण और मानवीय संवेदना से जुड़ी हुई है। इस ज्ञान को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

### पोहा उद्योग को मिली बड़ी राहत

**धमतरी।** देश की सबसे बड़ी व्यापारी संस्था कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) की धमतरी टीम ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कैट प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन और देश के वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के प्रयास से राज्य शासन ने पोहा उद्योग में उपयोग होने वाले धान पर टैक्स घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह दर 1.50 प्रतिशत थी। यह निर्णय छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 69(1) के तहत लिया गया है। जिलाध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि यह निर्णय छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बड़ी राहत है। कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश महावर और उपाध्यक्ष रवि मुंजवानी ने कहा कि इससे व्यापार में वृद्धि और उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा। कार्यकारी अध्यक्ष सलज अग्रवाल ने बताया कि राज्य कृषि विपणन मंडी के प्रबंध संचालक ने नई दर लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस कदम से किसानों की खपत बढ़ेगी और व्यापारी अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कैट टीम के धनराज लूनिया, अमित रामानी, संकेत बरडिया और आकाश जसूजा ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

जनप्रतिनिधियों ने संस्कार और सादगीपूर्ण विवाह पर दिया जोर

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में गूंजी सामाजिक एकता की आवाज





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती परिसर में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में इस बार सामाजिक चेतना, संस्कार और सादगीपूर्ण विवाह को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

अतिथि इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी ने कहा कि आदिवासी समाज में सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण देखने मिलता है। यह समाज जागरूक, सजग और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा खड़ा रहता है। आदिवासी ही इस क्षेत्र के मूल निवासी हैं।

अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने कहा कि बेटे-बेटी की शादी को लेकर माता-पिता सदैव चिंतित रहते हैं। लड़कियां स्नातक और उच्च शिक्षित हो रही हैं, जिससे मनचाहा वर ढूंढना कठिन होता जा रहा है। ऐसे समय में युवक-युवती परिचय सम्मेलन करना पुण्य का कार्य है। ओंकार साहू विधायक धमतरी ने कहा कि महंगाई के इस दौर में परिजन बच्चों की पढ़ाई में बहुत खर्च कर देते हैं। यह सुखद है कि आज के युवा बिना दहेज के मनपसंद से विवाह कर रहे हैं। अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए शासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कमार जनजाति के लिए मकान निर्माण से लेकर सभी योजनाओं को आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास हो रहा है।

जीवराखन मरई अध्यक्ष मां अंगारमोती ट्रस्ट ने कहा कि इस आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि युवक-युवती और उनके परिजनों की स्पॉट काउंसिलिंग तुरंत हो जाती है, जिससे निर्णय सरल और प्रभावी बनते हैं। बीरेश ठाकुर कांग्रेस नेता ने कहा कि आज भौतिक दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना ही किसी समाज की पहचान है। गोंड समाज ऐसा करके उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़िया क्रांति समाज के अध्यक्ष निखिलेश दीवान, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने भी संबोधित किया। मौके पर विनोद नागवंशी, अकब राम कोर्राम, मोहन कोमरे, माधव सिंह ठाकुर, तरुण नेताम, हेमलाल ठाकुर, जयपाल ठाकुर, गेवा राम नेताम, ललित ठाकुर, ईश्वरी नेताम, हेमलता नागवंशी, चन्द्रकला नेताम, राधेश्याम नेताम, नरोत्तम ध्रुव, कुलंजन सिंह मंडावी, कुलेश्वर छैदेया, सजल नाग, कृष्णा नेताम, रामेश्वर मरकाम, बंटी मरकाम, नीलू छैदेया, हेमन्त ध्रुव, पार्वती कोर्राम, एवल नेताम, दिग्विजय ध्रुव, इंदल मरकाम, सत्यवान ध्रुव, युवराज मरकाम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# एआई रोबोटिक्स मॉडल की लगी प्रदर्शनी





■ विद्याकुंज मेमोरियल विद्यालय हटकेशर में लगा बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्याकुंज मेमोरियल विद्यालय हटकेशर में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों, पालकगण, शिक्षकगण एवं स्टॉफ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बाल मेला का शुभारंभ विद्यालय समिति के डायरेक्टर हेमंत भाण्डे तथा प्राचार्य सोहन लाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने बाल मेला में पालक तथा छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने प्रोत्साहित किया। मेला में फूड जोन, ई स्पोर्ट जोन, आर्ट एवं क्राफ्ट जोन, टॉय एवं गेम्स जोन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता स्टॉल प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे। प्राचार्य सोहन लाल यादव ने बताया कि बाल मेला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना, आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान, उद्यमिता कौशल तथा रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना है।

## बिरगुड़ी स्कूल में हुआ एफएलएन मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शाउमावि अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं बस स्टैंड प्राथमिक शाला बिरगुड़ी के संयुक्त तत्वावधान में एफएलएन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एफएलएन 2025 का थीम करके देखबो, सिख के रहीबो पर आधारित था, जिसमें कक्षा पहली से तीसरी तक के छात्र-छात्राओं को विषय आधारित विभिन्न सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से आधारभूत गणितीय संक्रियाएं, विभिन्न भाषायी कौशल, अंग्रेजी कौशल के द्वारा स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों को दक्ष बनाने का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग सरपंच थे। अध्यक्षता एमएस कुर्रू प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि डार्केंद्र कश्यप अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, राजेश कश्यप, विशेश्वर यादव, हरिकलाल समुंद, संकुल समन्वयक सतीश सोम, प्रपा अशोक निषाद, शशि सिन्हा, चरण समुंद, शंकर लाल, वशिष्ठ बिसेन थे।

मेला में सभी स्टॉल का अवलोकन अतिथियों एवं पालकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शांति बैरागी, आरती साहू, आसकरण साहू, चंद्रहास यादव, सरोज साहू, द्रौपदी साहू, दामिनबाई, पूर्णिमाबाई समेत प्राथमिक, माध्यमिक हायर सेकेंडरी स्कूल के स्टॉफ एवं छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

## संकुल केंद्र अरौद डुबान में रही बाल मेले की धूम



**धमतरी।** संकुल केंद्र अरौद डुबान के प्राथमिक शाला खम्मेश्री, पहारियाकोना, अरौद, पटौद और बरबांधा में बाल दिवस पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। एसएमसी सदस्यों एवं पालकों ने इसका आकलन किया। प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल अरौद डुबान में मटका फोड़, कुर्सी दौड़, रस्सीकूद, बाल्टी बाल, गुब्बारा फुलाना, मोमबत्ती जलाना बिंदी लगाना, मेंढक दौड़ एवं कबड्डी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीयूष निषाद शाला नायक प्राथमिक शाला अरौद डुबान, तनुजा मंडावी शालानायक उच्च प्राथमिक शाला अरौद डुबान एवं भवानी यादव शालानायक हाई स्कूल अरौद डुबान थे। बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भूषणलाल बंजारे, प्रेम प्रकाश अंसारी, उत्तम कुमार जांगडे, भुवनप्रसाद सोरी, शिवशंकर तेता, उर्मिला ध्रुव, शाबरा बी, उत्तम कुमार गंगवीर, संकुल समन्वयक शशि कुमार कौशिक, मकसूदन नेताम, अंजनि, रजवंतीन, अभिषेक का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन पूजा नाग एवं तेजस्विनी मंडावी ने किया।

## डीपीएस में हुआ बाहुबली का राज्याभिषेक नाटक का मंचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डीपीएस में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने विद्यालय की हेड गर्ल और डेप्युटी हेड गर्ल के साथ किया। सुश्री दीक्षा ने अंग्रेजी में तथा सुश्री प्रियंका ने हिंदी में बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। सभा का संचालन शिवानी कश्यप ने किया। वेदप्रकाश साहू और पार्थ पांडेय ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाहुबली का राज्याभिषेक नाटक रहा जिसका निर्देशन नामदेव ने किया था। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि जब बच्चे विद्यालय में प्रसन्नता के साथ आते हैं तो शिक्षकों को अपार आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने बड़ों के चरण स्पर्श करने की वैज्ञानिक और पारंपरिक महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान वॉलीबॉल, रस्साकसी, बोरी दौड़ और म्यूज़िकल जलेबी रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनका संचालन खेल शिक्षक मोनिका, रेणुका और मुकेश द्वारा किया गया। विद्यालय के निदेशक धीरेज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन का संचालन समन्वयक रोहित कुमार और सतप्रीत सिंह धंजल के मार्गदर्शन में हुआ।

जीनियस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर जायके का सफर का आयोजन

## बच्चों ने किया पाक कला का प्रदर्शन



**नगरी।** जीनियस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर जायके का सफर कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी पाक कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। बच्चों द्वारा बनाए गए लजीज पकवानों को अतिथियों और अभिभावकों ने चखकर उनकी प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, फिसलपट्टी व विभिन्न खेल सामग्री की आकर्षक व्यवस्था की गई थी, जिसमें नन्हे-मुन्नों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

स्कूल संचालक मोहन सोनी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ अर्जित करना नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल के बच्चों को पढ़ाई, कला, खेल और संस्कृति में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, राजा पवार, बीईओ कलीराम साहू, संतोष अगलावे, पालकगण, प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया

**अंवरी।** तहसील आदिवासी समाज भखारा द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। अतिथि नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, समाज प्रमुख रामकृष्ण नेताम, उपाध्यक्ष विष्णु साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनकी जीवन यात्रा, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों, स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा के लिए अमूल्य त्याग किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# औषधि विक्रेताओं ने लिया सेवा भावना से कार्य करने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

औषधि विक्रेता संघ नगरी के सहयोग से ड्रग विभाग धमतरी द्वारा कार्यशाला एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ड्रग विभाग से संदीप सूर्यवंशी (डीआई) एवं चंद्रभान मरावी (डीआई) उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान ड्रग विभाग के अधिकारियों ने औषधि व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दीं एवं केमिस्ट साथियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए शासन के दिशा-निर्देशों, नई नीतियों एवं नियमों का पालन कर व्यवसाय में अपडेट रहने की सलाह दी। सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीएन सोम ने डॉक्टर, मरीज एवं औषधि विक्रेता के बीच बेहतर संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पेशे का मूल आधार सेवा भावना होना चाहिए।

राजेश साहू अध्यक्ष जिला औषधि विक्रेता संघ धमतरी ने संगठन की एकता और शक्ति पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए हम सभी को मानवीय गुणों के साथ सेवा भाव से व्यापार करना चाहिए।राकेश साहू अध्यक्ष रुद्री जोन ने कहा कि ऐसे आयोजन एकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। विचार-विमर्श से समस्याओं का समाधान एवं संगठन में समरसता का विकास होता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रदीप जैन बंटी सदस्य सीसीडीए छग ने किया। इस अवसर पर डॉ. जेके नाग, डॉ. आर.के. बिसेन, डॉ. आशुतोष टंडन, डॉ. प्रणव शांडिल्य, डॉ. अनिता पैकरा, डॉ. प्राची ठाकुर, डॉ. तारिणी साहू सहित जिला औषधि संघ के संयोजक तेजपाल कोचर, डॉ. गजेंद्र साहू, डॉ. रोशन साहू, हरीश साहू, इन्दू हिन्दूजा, जोन सचिव तोरण बनपेला, कोषाध्यक्ष कौशल गंजीर, सिहावा उपाध्यक्ष माखन साहू, बसंत साहू, हरिनारायण साहू, वीरेंद्र प्रजापति, लीलाधर साहू, विनय देवांगन, देवेंद्र साहू, विजय जैन, रुपेश साहू, सीएल साहू, चैतन्य देवांगन, श्रेयस जैन, बसंत बनपेला, सतीश साहू, जुनैद अली, कमितला सोरी, चांदनी साहू, अली, पिंटू साहू, पोषण साहू, हुमन साहू सहित नगरी सिहावा औषधि संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# धान विक्रय की राशि से चैती बाई पति का बेहतर इलाज कराएंगी

■ पति के अस्वस्थ होने पर आत्मविश्वास के साथ धान बेचने खरीदी केंद्र पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी शुरू होते ही पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों के चेहरों पर संतोष और विश्वास की चमक साफ दिखाई दे रही है। इसी भरोसे का सुंदर उदाहरण हैं धमतरी जिले के संबलपुर गांव की महिला किसान श्रीमती चैतीबाई साहू, जिनकी कहानी सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सफल और संवेदनशील तस्वीर पेश करती है।

चैतीबाई के पति वर्षों से धान विक्रय का कार्य देखते रहे हैं, किंतु इस बार स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे स्वयं धान बेचने केंद्र पहुंचीं। पहले से निर्धारित तिथि के अनुसार कटे टोकन पर वे अपने 57 क्विंटल धान के साथ खरीदी केंद्र पहुंचीं। पहली बार इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद चैतीबाई के चेहरे पर आत्मविश्वास का भाव था। उन्होंने बताया कि केंद्र की सुव्यवस्थित प्रक्रिया ने उनके कार्य को बेहद सहज बना दिया। केंद्र में बारदाना, हमाल, डिजिटल तौल मशीन, पेयजल, शौचालय, बिजली और प्रशिक्षित ऑपरेटर जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं, जिससे पूरी प्रक्रिया बिना किसी कठिनाई के संपन्न हुई। धान विक्रय के बाद मिलने वाली राशि से चैतीबाई अपने पति का बेहतर इलाज करवाना चाहती हैं। उनकी आवाज में सरकार के प्रति कृतज्ञता साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय किसानों के लिए बड़ी राहत है। इससे न केवल खेती लाभकारी हुई है, बल्कि उनके जैसे परिवारों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। चैतीबाई मानती हैं कि बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य उनके परिवार के लिए नई उम्मीद लेकर आया है और इससे घर में आर्थिक स्थिरता और जीवन स्तर में सुधार महसूस किया जा रहा है। उन्होंने धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों, हमालों और प्रशासनिक टीम की भी सराहना की, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया। चैतीबाई की यह सफलता सिर्फ एक महिला किसान की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह प्रमाण है कि जब शासन की नीतियां संवेदनशीलता और सुशासन के साथ धरातल पर लागू होती हैं, तो उसका प्रत्यक्ष लाभ सबसे जरूरतमंद तक पहुंचता है। उनकी मुस्कान में सरकार की नीतियों की सफलता और किसान वर्ग का बढ़ता विश्वास दोनों ही झलकते हैं। इस प्रकार संबलपुर की महिला किसान चैतीबाई की यह कहानी प्रदेश में धान खरीदी व्यवस्था की सफलता और सरकार की किसान-केंद्रित प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## खबर संक्षेप



### घर के सामने खड़े तवेरा की चोरी

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा में घर के सामने खड़े तवेरा वाहन की चोरी हो गई। नेहरूलाल ध्रुव पिता सुभाष ध्रुव ने बताया कि 12 नवंबर को करीब रात 11:30 बजे अपने वाहन तवेरा को घर के सामने खड़ा कर सोने के लिए चला गया। 13 नवंबर को सुबह 5 बजे उठकर टहलने के लिए घर से बाहर निकला तो देखा कि तवेरा कार क्र. सीजी 05 एसी 1948 अपने स्थान पर नहीं था। वाहन की आसपास तलाश की। घरवालों से पूछताछ की, कोई पता नहीं चला। वाहन की अनुमानित कीमत करीबन 95000 रूपए है। इसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ कुरूद थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दिव्यांग ने की नौकरी दिलाने की मांग

**सांकरा।** पैर से दिव्यांग महेंद्र कुमार भारले ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नौकरी दिलाने की मांग की। उन्होंने जनदर्शन में आवेदन देते हुए कहा कि वह ग्राम खम्हरिया तहसील नगरी जिला धमतरी का निवासी है। दसवीं पास है। उन्होंने बताया कि सांकरा हाईस्कूल में चपरासी का पद खाली है, जहां उन्हें नौकरी दी जाए।



## निधन

### रविशंकर बिसेन



**नगरी।** ग्राम संबलपुर निवासी एवं पूर्व सरपंच रविशंकर बिसेन का 16 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम संबलपुर में विधि-विधान से किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। इस दौरान स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

स्टेट बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्य का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत

# अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं सम्मान के लिए कार्य करूंगा : शत्रुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



स्टेट बार काउंसिल ऑफ छग के नवनिर्वाचित सदस्य अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू के प्रथम कुरूद आगमन पर अधिवक्ता संघ कुरूद द्वारा उनका स्वागत कर जिला से प्रथम बार निर्वाचित होकर जिला धमतरी का गौरव बढ़ाने पर प्रसन्नता जाहिर की। अधिवक्ता संघ कुरूद के अध्यक्ष रमेश पाण्डे, सचिव यशवंत साहू सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू की विजय से न केवल धमतरी जिला बल्कि संपूर्ण वकालत जगत गौरवान्वित है। उनकी ईमानदार, सक्रिय एवं संघर्षशील कार्यशैली से विधिज्ञ समुदाय को नई दिशा एवं सशक्त प्रतिनिधित्व मिलेगा।

इस अवसर पर एसबीसीसी सदस्य श्री साहू ने संघ के सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के अधिकारों, सम्मान और सुविधाओं के संवर्धन हेतु वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ कुरूद के एलपी गोस्वामी, नरेंद्र साहू, जयप्रकाश साहू, गुणवंत सोलंकी, बी. अरविंद गुरु, थानेश्वर तारक, ईश्वरी तारक, नीतू तोड़ेकर, श्यामशंकर चंद्राकर, ममता सोनकर, भुनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी भारती, टीआर सेन, मोहेंद्र चंद्राकर, प्रवेश उसेंडी, चंद्रशेखर सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

ब्लाक कांग्रेस भखारा ने किया खरीदी केंद्र अंवरी का निरीक्षण

## जिनको धान खरीदी की जानकारी नहीं है, वे प्रभारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



कांग्रेसियों ने धान खरीदी केंद्र अंवरी का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश को धान कटोरा कहा जाता है लेकिन यहां की सरकार को किसानों से कोई हमदर्दी नहीं है। 1 नवंबर को इस प्रदेश ने अपना 25 साल पूरा किया। 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने वाली सरकार को सोसायटी और धान खरीदी की कोई चिंता नहीं है। धान खरीदी प्रारंभ हुए तीन दिन हो गए है, लेकिन अभी भी धान खरीदी विधिवत रूप से प्रारंभ नहीं हुई है। शाखा प्रबंधक सहित कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं और जिनको विभाग की कोई जानकारी नहीं है उन्हें प्रभारी बनाए गए। धान की तौलाई अनियमित, किसानों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। धान तो खरीद रहे हैं लेकिन सिस्टम में अपडेट नहीं कर रहे हैं। ऑनलाइन नहीं होने पर पैसा भी समय में नहीं मिलेगा।

ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र साहू ने कांटा तौल में अनिमितता को लेकर कहा कि किसान मेहनत करके उपज ली है और यहां 40.700 मानक खरीदी से ज्यादा 40.900, 41 क्विंटल तक लिया जा रहा है जो सरासर अन्याय है। प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रभारी से शिकायत की गई। प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू ने टोकन संबंधी मामलों को दुरुस्त करने कहा। निरीक्षण के दौरान चुड़ामण साहू, पुनेश्वर साहू, रविंद्र सेन, किशन गजेंद्र, गजेंद्र बंजारे, दूजराम बघेल, सोनुराम राम कुम्हारी, गैंदलाल, नेतराम साहू, विष्णु साहू, मनोहर साहू, मनराखन, दिनेश साहू, गोपी साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## कुश्ती और एथलेटिक्स में कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ी चमकीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी की खिलाड़ियों ने कुश्ती और एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में स्वेच्छा चौहान और कुमुद यादव ने बेहतरीन खेल कौशल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किए। अब दोनों खिलाड़ी राजस्थान के कोटा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उधर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय डीबी कन्या महाविद्यालय रायपुर में स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्टेडियम में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चेतना ने तारगोला फेंक में द्वितीय स्थान तथा ममता ने 5000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने सभी खिलाड़ियों को उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक हैं। खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे को भी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के लिए सराहा गया।

## पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को दी एसआईआर की जानकारी

- रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के सुचारू संचालन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के आदेश एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में सोमवार को जनपद पंचायत नगरी में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा ने की। इस दौरान पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को एसआईआर संबंधी जानकारी तथा 18 नवंबर को आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु दिशा–निर्देश दिए गए। सीईओ द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के धमतरी आगमन को देखते हुए तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही निर्माण कार्यों से संबंधित स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रारंभिक दस्तावेज जैसे स्थल के फोटोग्राफ, नक्शा, खसरा, प्रस्ताव एवं अन्य आवश्यक कागजात को समय पर जिला कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए। मनरेगा अंतर्गत नवीन कार्यों के लिए युक्तधारा पोर्टल में कार्ययोजना तैयार कर तत्काल जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी सभी पंचायत सचिवों को दिए गए। बैठक में विभाग के सभी अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में नगरी जनपद क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

## एफएलएन मेला शिक्षा को रोचक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : महेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- दलदली अ में बाल दिवस का हुआ आयोजन



14 नवंबर बाल दिवस को एफएलएन मेला का आयोजन हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ में आयोजित मेले में प्राथमिक शाला बिलभदर, दलदली ब एवं चचानवाही के विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ पालक भी उपस्थित हुए। करके देखबो सीख के राहीबो की भावना से प्रेरित मेले में खेल, गणितीय प्रयोग, भाषा आधारित गतिविधियां, स्टॉल के माध्यम से टीएलएम का प्रदर्शन हुआ। मेला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता कौशल का विकास करना था ताकि वह पढ़ने लिखने और बुनियादी गणितीय अवधारणाओं को सहजता से समझ सके। मेले में मुख्य रूप से सरपंच चित्ररेखा कुंजाम उपस्थित रहीं। संकुल केंद्र कर्राघाटी के संकुल प्रभारी महेश्वर सिंह जयसिंधु ने कहा कि यह मेला बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने और शिक्षा को रोचक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर सीखने को आनंदमय बनाने की मुहिम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशुनराम ध्रुव, परसराम ध्रुव, कविता, सूर्यनारायण राव, राजकुमार शील, गणेशराम ध्रुव, सरस्वती कोसरे, स्मिता मरकाम, दीक्षा सूर्यवंशी, सरिता ध्रुव उपस्थित रहीं।

## बाल दिवस पर बच्चों ने लिया खेलकूद में हिस्सा, लगाए पकवानों के स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)



शाउमावि रामपुर में प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल मेला, बारह प्रकार के खेलकूद , विभिन्न प्रकार के पकवानों के स्टाल, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं वन्देमातरम गीत की 150वी वर्षगांठ मनाई गई। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोमप्रकाश दुबे व विशिष्ट अतिथि सरपंच ऋषिकुमार साहू रामपुर, उपसरपंच रातेजी रामपुर, श्री ठाकुर, वामन साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य आरके बघेल ने की। इसके साथ संकुल समन्वयक कमल लाल सर्वा, प्रपा जीआर, सुनील कुमार थे। बच्चों द्वारा बैंड बाजे के साथ द्वारा राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं वन्देमातरम गीत का प्रदर्शन किया। मार्चपस्ट एवं मास पीटी ड्रिल का प्रदर्शन हुआ। अतिथियों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। 100 मी दौड़ के साथ खेल महोत्सव प्रारंभ हुआ। रिले रेस, खो खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, रस्साकसी, त्रिटंगी दौड़, स्लो सायकल रेस, नड्डा दौड़, गोली चम्मच दौड़, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता हुई।

मौके पर व्याख्याता आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, ओमेश्वरी, एम ठाकुर, माध्यमिक विद्यालय के प्रपा जीआर, एस धृतलहरे, प्राथमिक विद्यालय के सुनील समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सरकार, किसानों की भलाई के लिए कृत संकल्पित : मौसमी



**नगरी।** ब्लाक के अंतिम छोर में स्थित ग्राम घुरावड़ में स्थित धान खरीदी केंद्र में पूजा अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहकारी समिति के कर्मचारी, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, सरपंच महेश नेताम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। जनपद सदस्य मौसमी मंडावी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों की भलाई के लिए कृतसंकल्पित है। इस प्रक्रिया के माध्यम से किसानों को उनके कड़ी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा। सरपंच महेश नेताम ने किसानों से अपील की कि वे धान को सही समय पर और सही तरीके से बेचे, ताकि कोई भी किसान बिना परेशान हुए अपने उत्पाद का सही मूल्य प्राप्त कर सके। उन्होंने इस दौरान धान खरीदी केंद्र की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना की।

### रिसगांव धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ



**नगरी।** नगरी ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र ग्राम रिसगांव के धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ सरपंच रिसगांव चन्द्रकुमार अग्रवानी के आतिथ्य में किया गया। पूजा-अर्चना कर किसानों का धान तौला गया। मौके पर फड़ प्रभारी, कर्मचारी समेत अनेक कृषक शामिल रहे।

### ब्रम्हाकुमारी संस्था ने मनाया विश्व यादगार दिवस



**अंवरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा 16 नवम्बर को अटल चौक भखारा में दुर्घटना पीड़ितों की स्मृति में विश्व यादगार दिवस मनाया गया। अतिथि शिवनारायण गजेंद्र सीनियर शिक्षक सेमरा, गौतम जैन, बलराम देवांगन, डॉ. संतोष बनपेला, ओमप्रकाश, बीके करुणा बहन, बीके चंद्रमुखी थे। बीके करुणा ने कहा कि यह दिन उन सभी को स्मरण करने के लिए समर्पित है जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में अपने जीवन को खो दिया या घायल हुए हैं। डा. संतोष एवं गजेंद्र ने बताया कि कभी भी नशा करके या मोबाइल में बात करते हुए गाड़ी न चलाएं। नियमों को पालन करते हुए हेलमेट या सीट बेल्ट जरूर लगाए। अंत में मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट मौन रहकर सद्भावना श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### एथलेटिक्स में सुखराम नागे कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**नगरी।** 14 एवं 15 नवंबर को शासकीय दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर में आयोजित एथलेटिक्स (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अश्वनी ध्रुव, अतिथि क्रीड़ा धिकारी देवेश जोशी, सीता नेताम के संयोजन में विद्यार्थी तौशिक कातूरे ने लंबीकूद में प्रथम, लीना कषश्यप ने लंबीकूद में द्वितीय स्थान, विकास नाग ने त्रिकूद एवं भालाफेंक में द्वितीय स्थान, वेदप्रकाश साहू ने 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम एवं मनोज मरकाम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर डॉ. रमेश देवांगन, प्रो. आरआर मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेषश्वरी राठिया, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, वर्षा साहू, भूषणकुमार, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन ने हर्ष व्यक्त किया।

सफाई, पानी की किल्लत से व्यवसायी और ग्राहक बेहाल

# शहर का इतवारी बाजार बदहाली के दौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के ऐतिहासिक इतवारी बाजार की स्थिति इन दिनों बदहाली की गवाही दे रही है। शहर के सबसे पुराने और प्रमुख सब्जी बाजार के रूप में पहचान रखने वाला यह क्षेत्र आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। पेयजल की समुचित सुविधा नहीं है और आवारा मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

करीब सौ वर्षों से शहर की आर्थिक धड़कन माने जाने वाले इस बाजार में प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक और लगभग 200 से अधिक सब्जी विक्रेता अपनी रोज़ी-रोटी कमाते हैं। व्यवसायी का कहना है कि वे निगम को नियमित रूप से टैक्स और राजस्व तो देते हैं, लेकिन बदले में मिलने वाली सुविधाएं न के बराबर हैं। जगह-जगह फैला कचरा न सिर्फ दुर्गंध फैला रहा है बल्कि संक्रमण का खतरा भी बढ़ा रहा है।

पेयजल की हालत भी ऐसी है कि पूरे बाजार के लिए मात्र एक ही टेप कनेक्शन है। इससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ती है। सार्वजनिक प्रसाधन तो बनाए गए हैं, मगर पानी की कमी और साफ-सफाई के अभाव में उनकी स्थिति उपयोग के लायक नहीं बची है।

पसरा व्यवसायी मनोज सोनकर, प्रीतम पटेल, नंद किशोर साहू, कन्हैया निषाद का कहना है कि कई वर्षों से निगम प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ औपचारिकताओं तक सीमित रहती है। कुछ दिनों के लिए सफाई या मरम्मत जरूर की जाती है, मगर जल्द ही स्थिति फिर से वैसी ही हो जाती है। आवारा मवेशियों के बेधड़क घूमने से दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है।

स्थानीय विक्रेताओं ने मांग की है कि इतवारी बाजार की ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए यहां स्थायी और बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं, ताकि यह पुराना बाजार फिर से अपनी पहचान और रौनक वापस पा सके।

## किसानों को फसल चक्र परिवर्तन पर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



क्षेत्र के ग्राम कुंडेल, दौराभाठा, डूमरपाली, कोरगांव, दुधवारा और भरदा में किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए जागरूक किया गया। किसान इन दिनों युद्धस्तर पर फसल कटाई में जुटे हैं। दो माह पूर्व हुई भारी वर्षा से फसल प्रभावित होने के बाद किसान किसी तरह खेती बचाने और कटाई करने में लगे हुए हैं। लगातार कई वर्षों से धान के बाद धान की खेती करने से जमीन की सेहत बिगड़ रही है, वहीं जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए शासन-प्रशासन द्वारा जल संरक्षण, जल संवर्धन व भूमि सुधार के लिए विशेष ग्रामसभाओं, किसान संगोष्ठियों और विभिन्न चर्चाओं के माध्यम से फसल चक्र अपनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी केएस नरेटी ने किसानों को शासन की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। राघवेन्द्र देशमुख ने मक्का की खेती की तकनीक बताई, जबकि वेदव्यास सूर्यवंशी और संतोष बघेल ने फसल चक्र अपनाकर मिली सफलताओं को साझा किया। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष तोमनसिंह साहू ने पानी बचाने हेतु फसल परिवर्तन करने प्रेरित किया।

मगरलोड क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट बढ़ता जा रहा है, इसलिए किसानों को दलहन, तिलहन, गेहूं, चना, सरसों, सब्जी, फल-फूल, औषधीय पौधे, मक्का और सूरजमुखी जैसी कम पानी वाली फसलें लेने प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में पोखन पटेल, द्रोण गायकवाड, अजय सहारे सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 को

**नगरी।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विखं स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 21 नवम्बर को श्रृंगी ऋषि खेल मैदान नगरी में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बालिका व महिला खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। 9 से 18 और 18 से 35 आयुवर्ग के सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 नवंबर है।

### नशा मुक्त भारत अभियान पर आज शपथ समारोह

**कांकेर।** नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के पांच साल पूरा होने पर 18 नवम्बर को जिले में व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, आम जनता, जनप्रतिनिधियों, जिला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्गों को इस अभियान में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन माध्यम से व्यापक स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कराना सुनिश्चित करें।

### शिविर में 54 श्रमिकों का पंजीयन किया गया

**कांकेर।** नियद नेल्लानार योजनांतर्गत श्रम विभाग कांकेर द्वारा विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम गट्टापाल में श्रमिकों के पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 47 असंगठित श्रमिकों एवं 07 भवन निर्माण श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजनांतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 07 पात्र हितग्राहियों का ऑनलाइन इन्द्राज किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, श्रमिक एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेपरस स्कूल में आनंद मेले का हुआ आयोजन

**कांकेर।** शासकीय उमावि कलेपरस अंतागढ़ में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें छठवीं से बारहवी तक के बच्चों ने विभिन्न स्थानीय एवं लोकप्रिय व्यंजनों के स्टाल लगा कर बजार एवं गणितीय शैली को जाना और समझा। शाला के प्राचार्य सुकदेव साहू ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और बिजनेस के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिभा को निखारने प्रेरित किया।

**भूमिपूजन :** 100 बिस्तर सिविल अस्पताल भवन का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शिलान्यास

# अजय के रहते कुरुद का विकास रुक नहीं सकता : श्यामबिहारी

## विधायक की मांग पर 50 बेड एमसीएच एवं डॉक्टर आवास के लिए हुईं घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कुरुद विकासखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम में लोक स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कुरुद विधायक अजय चंद्राकर की अध्यक्षता में 17.84 करोड़ की लागत से बनने वाले 5 मंजिला 100 बिस्तर वाले नवीन सिविल अस्पताल (उन्नयन) के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। साथ ही 50 बेड एमसीएच (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल अस्पताल) एवं डॉक्टर आवास निर्माण की घोषणा कर विधायक चंद्राकर की मांगों को तत्काल पूरा किया।



जनता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि 100 बिस्तर वाले इस नवीन अस्पताल भवन के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। मोदी एवं साय सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण उपचार सरल, सुलभ और समय पर मिले। आधुनिक ओपीडी, डायलिसिस यूनिट, सीटी स्कैन, उन्नत लैब, आइसोलेशन वार्ड जैसी सुविधाएं मरीजों की जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि यहां नर्सिंग कॉलेज भी स्वीकृत है, जिससे स्थानीय युवाओं को भी स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। जननायक अजय चन्द्राकर के रहते कुरुद का विकास कोई रोक ही नहीं सकता। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्वागत भाषण में कुरूद में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथियों में अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, नेहरू निषाद अध्यक्ष छग पिछड़ा वर्ग आयोग, पूर्व विधायक त्रय पिंकी शाह, इंदर चोपड़ा, श्रवण मरकाम, नपं अध्यक्ष भखारा ज्योति हरख जैन, भाजपा नेतागण निरंजन सिन्हा, रविकांत चंद्राकर, भानु चंद्राकर, पूजा सिन्हा, सिंधु बैस, मालकराम साहू, कृष्णकांत साहू, रवि सिन्हा, लोकेश साहू, आनंद यदु, झगेश्वर ध्रुव, भीम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, किशोर जायसवाल, पंकज नायडू, राजेश पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जनमत बनाए रखें, हम कुरुद का नक्शा बदल देंगे : चन्द्राकर



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुद विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि यह अस्पताल कुरुद के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह केवल इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का एक नया भरोसा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ वार्डों और उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाओं के साथ यह अस्पताल बड़े शहरों जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने पुराने अस्पताल भवन को बच्चों एवं जच्चगी अस्पताल बनाने तथा डाक्टरों के लिए मल्टी स्टोरी आवासीय भवन बनाने मांग की। श्री चंद्राकर ने कहा है कि लोकतंत्र में सबको मौका मिला। किंतु 1998 से 2003 तक तथा उसके बाद बीते 5 साल कुरुद सहित छग के लिए डार्क एज रहा। जिन्हें जनादेश तो मिला लेकिन वे खरे नहीं उतरे। उन्होंने कहा कि जनमत बनाए रखें। कुरुद का हम नक्शा बदल देंगे। नकारात्मक राजनीति की बजाय सकारात्मक राजनीति करें जिससे क्षेत्र और जनता का विकास हो।

### विधायक के कामों की हुई जमकर तारीफ



कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल, अति विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि दीपक महस्के अध्यक्ष छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कुरुद में 100 बिस्तर वाले आधुनिक सिविल अस्पताल के निर्माण को न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का प्रतीक बल्कि ग्रामीण अंचल के लिए एक सशक्त स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के कामों की जमकर तारीफ कर इसे आम लोगों के जीवन में ठोस सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले कार्य बताया। कार्यक्रम का नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने भी संबोधित कर आभार जताया।

# प्रभु की भक्ति, साधना व ध्यान लगाने से आनंद की होती है अनुभूति : पलक



- आमापारा में श्रीमद भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु
- शाम को निकली शोभायात्रा आज होगा कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पंचमुखी हनुमान मंदिर पास के आमापारा में आयोजित भागवत कथा के आठवें दिन कथावाचिका पलक दुबे ने 24 गुरूओं की महत्ता बताई। परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाने के बाद देर शाम को शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा का समापन 18 नवंबर मंगलवार को होगा। आठवें दिन कथावाचिका पलक दुबे ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि प्रभु की भक्ति, साधना व ध्यान लगाने से आनंद व आत्म संतोष की अनुभूति होती है। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु को निःस्वार्थ भाव से याद करना चाहिए। प्रभु को याद करते हुए फल प्राप्ति की लालसा नहीं रखनी चाहिए, यह विधान नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ज्ञान जहां से भी मिले ले लेना चाहिए। भगवान की कथा जिसने भी श्रद्धा से सुनी उसके सभी कष्ट, पाप सब दूर हो जाते हैं। दत्तात्रेय भगवान ने कई प्राकृतिक तत्वों, जानवरों और मनुष्यों के आचरणों से ज्ञान प्राप्त कर 24 गुरु बनाए। मौके पर अर्जुन नाग, प्रभा बाई, सरिता बाई, जमुना बाई, ज्योति साहू, मीना बैगा नाग, धन्नू पटेल, जय कुमार, रमेश साहू, मनोज धीवर, गिरिश धीवर, रेखा नाग, शैलेन्द्र नाग, अहिल्या बाई, रामेश्वरी बाई समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# विद्यार्थियों ने वैश्विक मुद्दों पर किया विचार-विमर्श



- दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एनयूएन) सम्मेलन ने विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

इस सम्मेलन में कक्षा 6 से 11 तक के 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय विषयों पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम की जनरल सेक्रेटरी राशी लुंकड़ ने संचालन की जिम्मेदारी निभाई।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के वैश्विक नेता और कुशल राजनयिक के रूप में तैयार करना है। उन्होंने छात्रों को संवाद, सहयोग और कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक धीरेज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल ने इस आयोजन के लिए टीम की सराहना की। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक नागरिकता की ओर भी अग्रसर किया।

# कोटगांव में स्थायी सचिव नियुक्त करने की मांग

- आगजनी के बाद कोटगांव के सचिव को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

विखं कुरूद के ग्राम पंचायत कोटगांव में स्थायी सचिव नियुक्त करने की मांग सरपंच सहित ग्रामीणों ने की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे कोटगांव सरपंच सहित पंच दयाराम साहू, बिंदु मारकंडे, सावित्री, बलदाउराम, मणिकुमार आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि ग्रापं कोटगांव में 7 सितंबर को आगजनी की घटना घटी। आगजनी में दोषी पाए जाने पर कोटगांव सचिव भूपेश नेताम को निलंबित किया गया है। सचिव पद रिक्त होने पर जिला पंचायत कार्यालय ने आदेश जारी कर कोटगांव सचिव का अतिरिक्त प्रभारी ग्राम पंचायत सिर्री के सचिव रेखराम साहू को अस्थायी रूप से सौंपा गया है। सिर्री बड़ा गांव है जिसके कारण सिर्री सचिव कोटगांव में कम समय दे पाएंगे। वहीं ग्रामीण सचिव रेखराम की कार्यप्रणाली से परिचित हैं और उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे है। इस कारण पंचायत रेखराम को अब तक प्रभार नहीं दिया गया है।



सचिव नहीं होने से कोटगांव पंचायत के कार्यों में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीणों ने जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेश को निरस्त कर स्थाई सचिव पदस्थ करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी की घटना में पंचायत के बहुत दस्तावेज जल गए हैं। दस्तावेज दुरूस्त करने में समय लगेगा, इसलिए स्थाई सचिव नियुक्त किया जाए।

# अयोध्या कप का खिताब जितेश चैलेंजर्स ने जीता

- फाइनल में किंग्स राइडर्स को दी मात, देर रात तक चला रोमांच
- खेल आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश देता है : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शहर में सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला को नया आयाम देते हुए समाजसेवी पं. राजेश शर्मा द्वारा आयोजित अयोध्या कप बॉक्स क्रिकेट ने रविवार की रात खेल प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। खेल प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों में उत्साह जगाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जितेश चैलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग्स राइडर्स को मात देकर ट्रॉफी अपने नाम की।

फाइनल मैच के दौरान मैदान में भारी भीड़ उमड़ी। टॉस जीतकर किंग्स राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जितेश चैलेंजर्स की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 9 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के हीरो रहे यमन साहू, जिन्होंने 25 रन की नाबाद पारी के साथ 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया।

समापन समारोह में संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने खेल भावना को समाज की एकता और भाईचारे का संदेश बताया। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान ही वह स्थान है जहां समस्याओं का समाधान और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आगे भी उनके परिवार और मित्रगण शहरवासियों के सहयोग से ऐसे आयोजन जारी रखेंगे।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत नहीं, बल्कि खेलना सबसे महत्वपूर्ण है। जीवन में भी खिलाड़ी को इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित ठाकुर शशि पवार, निर्मल बरडिया, डॉ. प्रभात गुप्ता तथा राजेंद्र शर्मा ने भी सफल आयोजन के लिए समिति की सराहना की। प्रतियोगिता में ओडिशा से आए मशहूर डांसिंग अंपायर ने अपने आकर्षक अंदाज से खिलाड़ियों और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। आयोजन को सफल बनाने में रघुवीर बघेल, योगेश रायचुरा, महावीर पारख, नकुल शर्मा, रिंकू रजक और जयेश सर्वा सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# सड़क दुर्घटना में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइंस धमतरी द्वारा 16 नवंबर को घड़ी चौक में विश्व यादगार दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी एवं यातायात प्रभारी मोनिका मरावी, थाना प्रभारी राजेश मरई, समाजसेवी गोपाल शर्मा तथा पार्षद राकेश चंदवानी विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर बीके सरिता ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से परिवारों को गहराई से प्र भा वि त करती हैं, इसलिए संयम व सावधानी से वाहन चलाना आवश्यक है। उन्होंने आध्यात्मिकता को अपनाकर मानसिक संतुलन बनाए रखने की बात कही।

थाना प्रभारी राजेश मरई व डीएसपी मोनिका मरावी ने लोगों से ईमानदारी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने कार्यक्रम को सार्थक बताते हुए कहा कि दुर्घटनाएं रोकने में जनता की जागरूकता सबसे बड़ी भूमिका निभाती है।

# रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



यामिनी



तृप्ति



वेनिका



आकांक्षा



दिशा बाघ



प्रियांशु गोहिल

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग धमतरी बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम षष्टम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया जिसमें यामिनी 72.83 प्रतिशत, तृप्ति 71 प्रतिशत, वेनिका 71 प्रतिशत, आकांक्षा 70.66 प्रतिशत, दिशा बाघ 70.66 प्रतिशत, प्रियांशु गोहिल 70.66 प्रतिशत रहे। अच्छे परिणाम आने का मुख्य कारण महाविद्यालय द्वारा अनुशासनात्मक तौर से इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण के लिए जिला अस्पताल धमतरी तथा सायकेट्रीक ट्रेनिंग के लिए रांची सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ सायकेट्रिक भेजा जाता है। कम्युनिटी फील्ड प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरूद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेल ले जाया जाता है। इसके साथ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की भी जानकारी दी जाती है। महाविद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रम के साथ उनके व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। प्राचार्य संजय कुमार लाल एवं शैक्षणिक स्टॉफ ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# विधायक ने किया कसावाही धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने कसावाही स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक के पहुंचने पर केंद्र में न तो कोई किसान मौजूद था, न ही धान की खरीदी से संबंधित कोई गतिविधियां दिखाई दी। केंद्र पूरी तरह खाली होने के बावजूद वहां तैनात नोडल अधिकारी यह तक नहीं बता सके कि आज कितने किसानों के टोकन कटे हैं और कितने किसानों का धान खरीदी के लिए निर्धारित है। विधायक श्री साहू ने कहा कि सरकार धान खरीदी शुरू होने से पहले बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कसावाही केंद्र में किसान अनुपस्थित है, धान नहीं है और नोडल अधिकारी को अपने मूल दायित्व की जानकारी तक नहीं। यह किसानों के साथ सीधा अन्याय है।






# टांगापानी में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग



**धमतरी।** किसान यूनियन धान उपार्जन केंद्र सेमरा ने ग्राम टांगापानी में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। यूनियन के अध्यक्ष पुनीतराम साहू सहित अनेक किसानों ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर कहा है कि धान उपार्जन केंद्र सेमरा में 6 गांवों के किसान धान का विक्रय करते हैं। धान खरीदी केंद्र में जगह का अभाव है। सेमरा उपार्जन केंद्र में टांगापानी, कुंगेरा, भड़सिवना, बांसपानी के किसानों को 6 से 16 किमी की दूरी तय कर पहुंचना पड़ता है। पूर्व में भी टांगापानी में तीन बार धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था की जा चुकी है। टांगापानी में नया लैम्पस का गठन किया जा चुका है। अविलंब वैकल्पिक धान खरीदी की व्यवस्था करने विभाग को आदेशित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान यूनियन के अशोक साहू, कमलेश कुंजाम, यशवंत साहू सहित अनेक किसान मौजूद थे।

# मंडी में बढ़ी रौनक, रेट में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- आवक बढ़ी, किसान पहुंच रहे श्यामतराई कृषि उपज मंडी

धान की कटाई- मिंजाई शुरू होने के साथ धमतरी कृषि उपज मंडी में धान की आवक बढ़ गई है। यही नहीं धान का मूल्य भी बढ़ा है, जिसके चलते किसान यहां धान लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों को यहां पेमेंट जल्द मिल जा रहा है। मिंजाई, बुआई खर्च की आपूर्ति के लिए वे धान खरीदी केंद्रों के साथ मंडी पहुंच रहे हैं।

धान खरीदी केंद्रों में समस्याओं के चलते किसान मंडी का रूख कर रहे हैं। यहां पर उन्हें सांभा, गोल्डन सांभा जैसे वेरायटी के धान की अच्छी कीमत मिल रही है। आई आर 64 वेरायटी के धान के मूल्य में भी सुधार हुआ है। वर्तमान में किसानों को खरीफ फसल की कटाई मिंजाई और रबी फसल की बुआई के लिए रुपयों की आवश्यकता है, जिसके चलते वे मंडी पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार माह भर पहले मंडी में करीब 350 कट्टा धान की आवक हो रही थी जो चार से पांच गुना तक बढ़ गई है। सोमवार को मंडी में 1606 कट्टा धान की आवक दर्ज की गई। धान का मूल्य देखे तो माह भर पहले आईआर 64 वेरायटी के धान की कीमत 1850 रुपए थी, जो अब 2000 से उपर पहुंच गई है। गोल्डन सांभा और सांभा वेरायटी का धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल में बिका। ओमश्री 2400 रुपए क्विंटल और सरना 2000 रुपए प्रति क्विंटल में बिका।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020